Estd. 1961

# हिम चेतना

## HIM CHETANA

AUTONOMOUS
(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई. से संबद्ध)

वर्ष-14 अंक--3
अक्तूबर-दिसंबर, 2024
पृष्ठ 4 मूल्य-1

Website : www. hindimahavidyalaya.org E-mail: info@hindimahavidyalaya.org

हिन्दी महाविद्यालय एवं एम.सी.गुप्ता कॉलेज का मुखपत्र (त्रैमासिक)

# महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस



*महाविद्यालय में आयोजित हिन्दी दिवस कार्यक्रम का दृश्य।*

दिनांक 30-9-24 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता के रूप में नलगोंडा कॉलेज फॉर वुमेन्स के प्राचार्य डॉ. घनश्याम उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्था के मानदमंत्री श्री शील कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा तथा प्राचार्या डॉ. के. बाला उपस्थित थे। प्राचार्या ने हिन्दी महाविद्यालय का परिचय देते हुए हिन्दी भाषा के अद्भुत सौंदर्य की चर्चा की। उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने सभा को बड़े ही सहज तथा सरल ढंग से हिन्दी का महत्व समझाते हुए सभी को आर्शीवचन दिए।

मानद मंत्री शील कुमार जैन ने सभी को अवसरोचित संदेश देते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी।

अतिथि का परिचय डॉ. पुष्पवली ने दिया। मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान स्मृति चिह्न तथा शॉल ओढ़ाकर किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम ने कार्यक्रम के विषय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हिन्दी भाषा पर गहन प्रकाश डालते हुए छात्रों को बड़ी ही रोचक एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्रों के चतुर्दिक विकास को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने वक्तव्य को छात्र केंद्रित रखते हुए देश तथा विदेश से जोड़ा, उन्होंने अपने वक्तव्य से सभी अभिभूत किया।

कार्यक्रम में हिन्दी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी धारी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



***इंटर स्कूल के अंडर-17 जिला कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने पर यश शिवाजी सारवे को बधाई देते महाविद्यालय समिति के मानद मंत्री शील कुमार जैन। अवसर पर उपस्थित प्राचार्या डॉ. के. बाला, लेफ्टिनेंट आकाश थापा, खेल प्रभारी दिलीप रेड्डी।***

## महाविद्यालय की महिला टीम ने जीता खिताब

हिन्दी महाविद्यालय कॉलेज की टीम केवीएम कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन को उस्मानिया विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज फेंसिंग चैम्पियनशिप के महिला विभाग में हराकर ओवर ऑल चैम्पियन बनीं।

महाविद्यालय कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम दिन महिला विभाग की ओवर ऑल चैम्पियनशिप पर हिन्दी महाविद्यालय ने कब्जा जमाया। वहीं केवीएम कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन तथा आदि गौस हाजी गौस पीरन मेमोरियल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन ने अगले दो स्थान प्राप्त किए। मुख्य अतिथि प्रो. राजेश कुमार ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। अवसर पर प्रो. के. दीपला, बी. मनोज कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

अन्य परिणाम इस प्रकार है। इपी महिला : शेक नाजिया, एम. निहारिका, रिशिता, अक्षया। फोइल इवेंट महिला : जी. सिरीशा, आर. निकिता, रोशनी सिंह, यू. क्रीर्तना।

## महाविद्यालय में सेमिस्टर परीक्षा संपन्न

महाविद्यालय में I,III,V सेमिस्टर की रेग्यूलर की परीक्षाएँ संपन्न हुई। यह परीक्षाएँ 2 दिंगबर को प्रारंभ हुई और 19 दिसंबर 2024 को समाप्त हुई।

## ट्रेडिशनल डे पर बतुकम्मा का आयोजन

5-10-2024 महाविद्यालय के प्रांगण में दशहरा व बतुकम्मा के उपलक्ष्य में ट्रेडिशनल डे का आयोजन धूम-धाम से किया गया। इस अवसर पर गरबा तथा डांडिया का आयोजन हुआ। अवसर पर प्राचार्या डॉ. बाला कुमार तथा महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी आयोजित

20-11-2024 को महाविद्यालय के प्रांगण में प्राध्यापकों और छात्रों द्वारा महाविद्यालय में आए नवागंतुक छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर 2024 कार्तिक और मिस फ्रेंशर का खिताब वैष्णवी को दिया गया।




*विजेता खिलाड़ी पुरस्कार प्रदान करते अतिथि प्रो. राजेश कुमार।*

# Hindi Mahavidyalaya Sports Achievements

| | Name of the Player | Date | Venue | Status/ Medal | Remark's |
|---|---|---|---|---|---|
| FENCING MEN AND WOMEN Inter College Championship | | | | | |
| 1 | V.Lokesh | 10/5/2024 | Hindi Mahavidyalaya | Bronze | Hindi Mahavidyalaya got Over All Championship in Inter College Fencing Championship |
| 2 | Sai Kiran | | | Bronze | |
| 3 | Vamshi | | | Participation | |
| 4 | S. Aravind | | | Participation | |
| 5 | T. Aravind | | | Participation | |
| 6 | Vicky Magar | | | Silver | |
| 7 | Bhanu Prakash | | | Participation | |
| 8 | Rohit Rao | | | Participation | |
| 9 | Ayaan Zaki | | | Silver | |
| 10 | K. Vikas | | | Bronze | |
| 11 | Nikhitha | | | Silver | |
| 12 | Keerthana | | | Bronze | |
| 13 | Rishitha | | | Bronze | |
| 14 | Kiran Jyothi | | | Participation | |
| 15 | Manasa | | | Bronze | |
| 16 | Shaik Naziya | | | Gold | |
| CROSS COUNTRY MEN AND WOMEN Team Wise | | | | | |
| 1 | G.Ganesh | 27/10/2024 | Osmania University Synthetic Track | Bronze | Men Got Overall 4th Position |
| 2 | T.Aravind | | | | |
| 3 | S.Aravind | | | | |
| 4 | Arun Nayak | | | | |
| 5 | Ramesh | | | | |
| 6 | Archana | | | Participation | |
| 7 | Manasa | | | | |
| 8 | Nikhitha | | | | |

| FENCING ALL INDIA INTER UNIVERSITY CHAMPIONSHIP | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | V.Lokesh | 06/11/2024 to 10/11/2024 | University of Jammu at Jammu Kashmir | Participation | - |
| 2 | Vicky Magar | | | | |
| 3 | Ayaan Zaki | | | | |
| 4 | K. Vikas | | | | |
| 5 | Sai Kiran | | | | |
| 6 | Shaik Naziya | | | | |
| 7 | Nikhitha | | | | |
| 8 | Keerthana | | | | |
| 9 | Rishitha | | | | |
| 10 | Manasa | | | | |
| KABADDI MENS Inter College Tournament | | | | | |
| 1 | Manohar Naidu | | | | |
| 2 | Madhusudan | | | | |
| 3 | Lingesh Yadav | | | | |

| S no. | NAME | GROUP &YEAR | details of camp |
|---|---|---|---|
| 1 | M.HEMANTH KUMAR | B.sc [ MPCs ] 3rd YEAR | ALL INDIA TRECKING EXPIDITION [04 OCT - 11 OCT 2024] |
| 2 | S. SHIVA KUMAR | B.com (CA) 3rd YEAR | 33rd ALL INDIA AVG MAVLANKAR SHOOTING COMPETITION AT THIRUVANANTHAPURAM. [ 16 OCT - 12 NOV 2024] |
| 3 | K. JEEVAN KUMAR | B.com (CA) 3rd YEAR | REPUBLIC DAY CAMP [ 28 DEC 2024 - 28 JAN 2025 ] |
| 4 | VIJAY SINGH | BBA 2nd YEAR | REPUBLIC DAY CAMP [ 28 DEC 2024 - 28 JAN 2025 ] |
| 5 | B. SRUJANA | B.com (CA) 3rd YEAR | EBSB UDAIPUR [ 23 Dec 2024 - 3 JAN 2025] |
| 6 | U. KEERTHANA | B.com (CA) 3rd YEAR | AP TREKKING 3 GUNTUR [ 16 JAN 2025 - 23 JAN 2025 ] |

## प्रबंधन विभाग के द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित



27 सितंबर को हिन्दी महाविद्यालय में प्रबंधन विभाग के द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में प्रोफेसर वाई. जहाँगीर विभागाध्यक्ष उस्मानिया विश्वविद्यालय उपस्थित थे उन्होंने ब्रांड प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी इच्छाओं को सीमित रखने की आवश्यकता है और व्यक्ति को अपने जीवन में एक निश्चित उद्देश्य लेकर चलना चाहिए, इसके आलावा उन्होंने कहा कि ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिए मार्केटिंग की जरूरतों को पहचान कर उनका संचार करना चाहिए।

ब्रैंड मैनेजमेंट में ग्राहकों की संतुष्टि, प्रोडक्ट की लागत और स्टोर प्रेज़ेंटेशन जैसी बातों पर ध्यान देना चाहिए। प्रस्तुत वक्तव्य को छात्रों तथा स्टॉफ द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के. बाला, डॉ. वसंता, श्रीमती एन. भावना, श्री बी.टी. मधुसुदन, श्रीमती एस. संतोषी, श्री जे. प्रणीत, डॉ. जगतकांत आदि उपस्थित थे। श्रीमती नमिता जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान संपन्न




हिन्दी महाविद्यालय में 26 सितंबर को वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा जीएसटी एवं कर प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। अतिथि वक्ता के रूप में श्रीमती हरि कल्याणी सेंट फ्रांसिस कॉलेज फॉर वुमेन, बेगमपेट की सहायक प्रोफेसर उपस्थित थीं। इस आयोजन का उद्देश्य जीएसटी तथा करदान के बारे में सभी को जानकारी प्रदान करना था।

व्याख्यान का प्रारंभ करदान के बुनियादी इतिहास के साथ हुआ, जिसमें उसकी प्रासंगिकता आज के संदर्भ में बताई गई। श्रीमती कल्याणी जी ने विषय की महत्वपूर्ण अवधारणाओं को साझा किया और यह भी बताया कि जीएसटी और करदान के व्यावहारिक अनुप्रयोग का महत्व क्या है। उपस्थित सभी छात्रों तथा स्टॉफ ने इस विषय का गहराई तथा गहनता से समर्थन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. के. बाला, डॉ. पी.एस.एम.एल. वसंता, श्रीमती ज्योर्तिमणि, श्रीमती ऊषा, श्रीमती एम. भावना, श्री बी.टी. मधुसूदन, श्रीमती ए. संतोषी, श्री जे. प्रणीत, श्री वकील पांडेय, श्रीमती नमिता जायसवाल, श्री कन्हैया कुमार, श्री के. जगनकांत एवं श्रीमती यशस्विनी उपस्थित थीं।

## मान्यता रद्द के मामले में प्रस्तुत सभी तथ्यों और घटनाओं का विश्लेषण निम्नलिखित है-

**मामले क मूल विवाद :**

**मुख्य आरोप: 49 छात्रों का अनुत्तीर्ण से उत्तीर्ण दिखाने का आरोप।**

**कॉलेज का स्पष्टीकरण**

1. इन छात्रों ने पूरक परीक्षाओं और पुनर्मूल्यांकन के माध्यम से अपने बैकलॉग क्लीयर किए और उत्तीर्ण हुए।
2. परिणाम ओयू के परीक्षा नियंत्रक द्वारा अनुमोदित किए गए।
3. प्रोविजनल सर्टिफिकेट पर ओयू के अतिरिक्त नियंत्रकों के हस्ताक्षर हैं।
4. छात्रों ने इन प्रमाणपत्रों के आधार पर आगे की पढ़ाई या रोजगार प्राप्त किया है।

**कार्यवाही में प्रक्रियात्मक त्रुटियाँ :**

1. कॉलेज को कारण बताओं नोटिस जारी नहीं किया गया।
2. ओयू ने कॉलेज से स्पष्टीकरण लिए बिना कार्यवाही शुरू कर दी।
3. यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

**उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप :**

**हाई कोर्ट ने पाया कि :**

1. कॉलेज के खिलाफ कार्यवाही प्रथम दृष्टया त्रुटिपूर्ण थी।
2. ओयू ने कॉलेज को स्पष्टीकरण का अवसर नहीं दिया।
3. कोर्ट ने आदेश दिया कि कॉलेज 2024-25 सत्र की परीक्षाओं को जारी रख सकता है।

**कॉलेज का पक्ष:**

1. आंतरिक जाँच
2. सभी दस्तावेज और प्रक्रियाएँ सत्यापित की गई।
3. ओयू के अतिरिक्त नियंत्रकों द्वारा परिणाम अनुमोदित किए गए।
4. यूजीसी दिशा-निर्देश:
5. स्वायत्त कॉलेज को परीक्षाएँ आयोजित करने और परिणाम घोषित करने का अधिकार है।
6. पुनर्मूल्यांकन और बैकलॉग का प्रावधान :
7. छात्रों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत बैकलॉग क्लियर किए।

**ओयू अधिकारियों के आंतरिक मतभेद :**

अतिरिक्त नियंत्रक डॉ. के.श्रीनिवास और पूर्व प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल के बीच व्यक्तिगत मतभेद हो सकते है ?
संभवत: इन मतभेदों ने मामले को और जटिल बना दिया।

**प्रमुख मुद्दे और समाधान :**

**मुद्दे :**

1. ओयू द्वारा प्रमाणित परिणामों पर सवाल उठाना।
2. कारण बताओं नोटिस न देना एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करना।
3. कार्यवाही में पारदर्शिता की कमी।

**समाधान :**

1. ओयू को मामले को पुन: समीक्षा करनी चाहिए।
2. निष्पक्ष और स्वतंत्र जाँच समिति का गठन किया जाए।
3. कॉलेज और विश्वविद्यालय के बीच संवाद को मजबूत किया जाए।

PRINTED MATTER BOOK-POST

HINDI MAHAVIDYALAYA
(NAAC Accredited)
Nallakunta, Osmania University Road, Shankar Math,
Hyderabad 500 044.
Phone : 27616330 Fax : 30226330
Email : info@hindimahavidyalaya.org
Website : www. hindimahavidyalaya.org

सेवा में,
श्री / श्रीमती ----------------------------
----------------------------
----------------------------
----------------------------

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | कार्यदर्शी | संयुक्त कार्यदर्शी | कोषाध्यक्ष | प्राचार्य | उप-प्राचार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्मीनिवास शर्मा | श्यामसुंदर मूंदड़ा | शील कुमार जैन | प्रदीप दत्त | एस.बी. काबरा | डॉ. बाला कुमार | डॉ. बी. श्रीदेवी |

Printed and Published by Laxminiwas Sharma at Surya Graphic, Gandhinagar, Hyderabad, on behalf of Hindi Mahavidyalaya.